# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

## निविदा आमंत्रित करने की सूचना (एनआईटी)

**सेवा की गुणवत्ता का लेखापरीक्षा और मूल्यांकन करने के लिए बोलियों का आमंत्रण**

1. सेवा की गुणवत्ता का लेखापरीक्षा और मूल्यांकन करने के लिए बोलियों का आमंत्रणभारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (पुराना मिंटो रोड), नई दिल्ली-110002 (इसके बाद 'ट्राई' या 'प्राधिकरण' के रूप में संदर्भित), भारतीय कंपनियों/फर्मों (जिसे बाद में 'ऑडिट एजेंसी' या 'बोलीदाता' के रूप में संदर्भित), जो निविदा दस्तावेज में उल्लिखित पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, से निम्नलिखित सेवाएं की सेवा की गुणवत्ता की लेखा परीक्षा और मूल्यांकन करने के लिए बोलियों का निमंत्रण सीलबंद निविदा आमंत्रित करता है, ।

   (क) सेलुलर मोबाइल टेलीफोन सेवा;

   (ख) वायरलेस डाटा सेवा;

   (ग) बेसिक टेलीफोन सेवा (वायरलाइन) और

   (घ) ब्रॉडबैंड (वायरलाइन) सेवा

   जो की विभिन्न अभिगम सेवा प्रदाताओं द्वारा, प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर जारी और संशोधित, सेवा की गुणवत्ता विनियमों (इसके बाद 'क्यूओएस विनियमों' के रूप में संदर्भित) में निर्दिष्ट, प्रदान की जाती है। इस संबंध में ट्राई द्वारा जारी किए गए सेवा की गुणवत्ता विनियम निम्नानुसार हैं

   (क) बेसिक टेलीफोन सेवा (वायरलाइन) और सेलुलर मोबाइल टेलीफोन सेवा विनियम, 2009 (2009 का 7) की सेवा की गुणवत्ता के मानक दिनांक 20 मार्च, 2009।

   (ख) ब्रॉडबैंड सेवा की सेवा की गुणवत्ता विनियम, 2006 (2006 का 11) दिनांक 06 अक्टूबर, 2006; और

   (ग) वायरलेस डेटा सेवा विनियम, 2012 (2012 का 26) के लिए सेवा की गुणवत्ता के मानक दिनांक 4 दिसंबर 2012।

2. (i) निम्नलिखित जोनों के लिए निविदा आमंत्रित की गई है

   a. आरओ बेंगलुरु जोन
   b. आरओ भोपाल जोन
   c. आरओ दिल्ली जोन
   d. आरओ हैदराबाद जोन
   e. आरओ जयपुर जोन
   f. आरओ कोलकाता जोन

   (ii) प्रत्येक जोन के अंतर्गत शामिल भौगोलिक क्षेत्रों के साथ-साथ लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्रों (एलएसए) का ब्यौरा **अनुबंध-2क** पर बोली दस्तावेज में दिया गया है।

   (iii) बोलीदाता अपनी पसंद के अनुसार किसी भी जोन (एक या एक से अधिक जोन) के लिए बोली प्रस्तुत कर सकते हैं। हालांकि, अधिकतम तीन क्षेत्रों में काम देने के लिए एक बोलीदाता पर विचार किया जाएगा।

3. निविदा दस्तावेज की एक प्रति ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in के साथ-साथ www.eprocure.gov.in पर भी उपलब्ध है और बोली जमा करने के उद्देश्य से डाउनलोड की जा सकती है। चूंकि ट्राई ने इस निविदा को आमंत्रित करने के लिए ई-निविदा की प्रक्रिया का उपयोग करने का निर्णय लिया है, इसलिए निविदा दस्तावेज की हार्ड कॉपी उपलब्ध नहीं होगी।

4. **पात्रता शर्तें:** जैसा कि धारा-II के खंड 2.2 (पात्रता शर्तें) (बोलीदाताओं के लिए सामान्य शर्तें और निर्देश) में निर्दिष्ट किया गया है।

5. **बोली सुरक्षा:** बोलीदाता को प्रति जोन 1,50,000 रुपये (केवल एक लाख पचास हजार रुपये) की बोली सुरक्षा डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक के रूप में प्रस्तुत करनी होगी, जो 'ट्राई' के पक्ष में तैयार की जायेगी और नई दिल्ली में देय होगी ।

   एनएसआईसी/एमएसएमई/डीपीआईआईटी आदि के साथ सूक्ष्म/लघु/स्टार्ट-अप के रूप में पंजीकृत पात्र बोलीदाताओं के लिए बोली सुरक्षा जमा की छूट पर विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एमएसई श्रेणी के लिए छूट केवल उन बोलीदाताओं पर लागू होती है जो अनुसूचित श्रेणी के तहत पंजीकृत हैं, जिसके लिए सेवाएं प्राप्त की जा रही हैं, न कि सभी एमएसई श्रेणियों के लिए। यदि छूट मांगी जाती है, तो बोली लगाने वाले को बोली-सुरक्षा घोषणा भी प्रस्तुत करनी होगी ।

6. **ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय:** बोली दिनांक 26.05.2023 को या उससे पहले www.eprocure.gov.in पर 15:00 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से जमा की जाएगी। यदि जमा करने (और खोलने) की तारीख को अवकाश घोषित किया जाता है, तो बोली जमा करने और खोलने की तारीख उसी निर्धारित समय पर स्वचालित रूप से अगले कार्य दिवस में स्थानांतरित हो जाएगी। किसी अन्य अपरिहार्य कारण से बोली खोलने की तारीख में किसी भी तरह के परिवर्तन को ट्राई की वेबसाइट और ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा।

   ऑनलाइन बोली जमा करने के लिए आवश्यकताओं और प्रक्रिया को वेबसाइट https://eprocure.gov.in/cppp/hassle_free_bid_submission.pdf पर 'Guidelines for submission of hassle-free bids'' में विस्तार से उल्लिखित किया गया है। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे बोली प्रस्तुत करने से पहले विवरणों को अच्छी तरह से पढ़ लें, क्योंकि न तो ट्राई और न ही एनआईसी, गलत/दोषपूर्ण ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के कारण बोलियों की अस्वीकृति के लिए जिम्मेदार होंगे।

7. **निविदा बोलियों का खोलना: दिनांक 29.05.2023 को 15:00 बजे।**

8. **निविदा बोली खोलने का स्थान:** ट्राई ने www.eprocure.gov.in पर ऑनलाइन बोली जमा करने को अपनाया है। अधिक जानकारी के लिए, www.eprocure.gov.in पर दिशानिर्देशों को संदर्भित किया जा सकता है।

9. अपूर्ण, अस्पष्ट, सशर्त, डिजिटल रूप से अहस्ताक्षरित बोलियां अस्वीकृत की जा सकती हैं।

10. डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से प्राप्त निविदाओं को खोलने पर विचार नहीं किया जाएगा और इसे मूल रूप से खोलीदाता को वापस कर दिया जाएगा।

11. ट्राई बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

12. बोलीदाता को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के तहत एक घोषणा (अनुबंध-6 के अनुसार) प्रस्तुत करनी होगी कि प्रस्तुत किए जा रहे डाउनलोड किए गए निविदा दस्तावेज में कोई अतिरिक्त/ विलोपन / सुधार नहीं किया गया है और यह ई-खरीद पोर्टल पर दिखाई देने वाले निविदा दस्तावेज के समान है।

13. बोली में किसी भी सुधार/ परिवर्धन / परिवर्तन / चूक के मामले में, बोली को गैर-उत्तरदायी माना जाएगा और सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। बोली प्रस्ताव में प्रस्तुत सभी दस्तावेज अधिमानतः अंग्रेजी में होने चाहिए। प्रमाण-पत्र जैसे अनुभव, पंजीकरण आदि के मामले में, इसे अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में जारी किया जाता है, बोली लगाने वाला एक अंग्रेजी अनुवाद संबंधित प्रमाण-पत्र के अतिरिक्त, बोलीदाता और अनुवादक द्वारा विधिवत सत्यापित की गई प्रति संलग्न करेगा ।

14. सभी कंप्यूटर जनित दस्तावेजों को जारीकर्ता संगठन द्वारा विधिवत सत्यापित / हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए।

15. कंपनियों/फर्मों के कंसोर्टियम को निविदा में भाग लेने की अनुमति नहीं है।

16. **निविदा दस्तावेज पर स्पष्टीकरण:** संभावित बोलीदाता को यदि निविदा दस्तावेज पर किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता है, तो ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से दिनांक 01.05.2023 17:00 बजे तक लिखित रूप में ईमेल: sroqos3@trai.gov.in पर, अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं ।

17. विभिन्न गतिविधियों के लिए अस्थायी तिथि / समय अनुसूची नीचे उल्लिखित है:

| **गतिविधि** | **अस्थायी दिनांक** | **समय** |
|---|---|---|
| एनआईटी | 20/04/2023 | - |
| निविदा दस्तावेज की अभिगम्यता | 20/04/2023 | 17:00 बजे |
| बोली-पूर्व विक्रेता सम्मेलन | 26/04/2023 | 11:00 बजे |
| स्पष्टीकरण मांगने की अंतिम तिथि और समय | 01/05/2023 | 17:00 बजे |
| सीपीपीपी पोर्टल पर शुद्धिपत्र जारी करना, यदि कोई हो, | 08/05/2023 | 17:00 बजे |
| ऑनलाइन और ऑफलाइन दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 26/05/2023 | 15:00 बजे |
| तकनीकी-वाणिज्यिक बोलियों का खोलना | 29/05/2023 | 15:00 बजे |

18. निविदा जमा करने या खोलने आदि के कार्यक्रम में किया गया किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना, ट्राई की वेबसाइट और ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से दी जाएगी।

**(पवन कुमार अग्रवाल)**
संयुक्त सलाहकार (QoS-I)